No-33
dt-12-07-201

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.),भुवनेश्वर

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर में दिनांक 14-06-2018 को मध्याह्न 12.00 बजे आयोजित की गयी 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति', की बैठक का कार्यवृत्त। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :

1. प्रो. प्रकाश चन्द्र अग्रवाल, प्राचार्य एवम् अध्यक्ष
2. प्रो. प्रीतीश आचार्य, अध्यक्ष, सा.वि.मा.शि. विभाग
3. प्रो. अनूप कुमार, समन्वयक सदस्य
4. प्रो. गौरम्मा आई. पी., वार्डन, गोपबंधु छात्रावास
5. डॉ. लक्ष्मीधर बेहेरा, प्रभारी, सरोजिनी, अतिथि-गृह
6. डॉ. एलिज़ाबेथ गंगमई, वार्डन, आशुतोष छात्रावास
7. डॉ. धन्या कृष्णनन, वार्डन, गोपबन्धु छात्रावास
8. डॉ. पुष्पलता नेगी, पुस्तकालयाध्यक्ष
9. श्री अखिलेश्वर मिश्र, प्रधानाध्यापक, प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय
10. श्रीमती किरन जुनेजा, प्रशासनिक अधिकारी
11. श्री प्रदीप कुमार राय, अनुभाग अधिकारी (स्थापना)
12. श्री सुशांत कुमार राउत, अनुभाग अधिकारी(परिसर एवं कल्याण)

बैठक के आरंभ में, समन्वयक सदस्य प्रो. अनूप कुमार ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने सदस्यों को सूचित किया कि दि. 16.03.18 को 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' की बैठक का कार्यवृत्त, समिति के समस्त सदस्यों के साथ-साथ प्रभारी, हिंदी प्रकोष्ठ, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली को भेज दिया गया है। सदस्यों को जानकारी दी गयी कि संस्थान के सभी ग़ैर शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन दि. 4 मई 2018 को इस संस्थान में किया गया।पिछली बैठक के प्रस्ताव के अनुरूप परिषद् के हिंदी प्रकोष्ठ को संस्थान में अनुवादक पद के सृजन हेतु पत्र भेजा गया। अनुभाग अधिकारी (परिसर एवं कल्याण) ने सदस्यों को सूचित किया कि द्विभाषी (हिंदी-अँग्रेज़ी) मोहरें शीघ्र ही शत-प्रतिशत बन जाएंगी।सदस्यों को अवगत कराया गया कि संस्थान की वेबसाइट को द्विभाषी करने के

(कृ.प.उ.

संदर्भ में एक समिति बनायी गयी है जिसकी पहली बैठक दि. 14-06-2018 को पूर्वाह्न 10.30बजे की गयी। प्राचार्य महोदय ने कहा कि द्विभाषी वेबसाइट बन जाने पर वहाँ इस बात का उल्लेख कर देना उचित होगा कि तथ्यों को लेकर किसी प्रकार की विसंगति प्रतीत होने पर अँग्रेज़ी वेबसाइट के विवरण को अंतिम रूप से प्रामाणिक माना जाएगा। सदस्यों का सुझाव था कि द्विभाषी वेबसाइट बन जाने पर, यदि संभव हो, तो प्रतिदिन एक हिंदी - अँग्रेज़ी शब्द उसमें डाल दिया जाए।

बैठक में यह प्रस्ताव हुआ कि संस्थान में हिंदी टाइप करने के लिए पूर्णिमा सिंह, अवर श्रेणी लिपिक और श्री जितेन्द्र सतपथी, अवर श्रेणी लिपिक की सेवाएँ ली जा सकती हैं और प्रशासनिक अधिकारी महोदया इस प्रस्ताव पर विचार करके तत्संबंधी आदेश जारी कर सकती हैं।श्रीमती किरन जुनेजा, प्रशासनिक अधिकारी ने सदस्यों को अवगत कराया कि परिषद् के हिंदी प्रकोष्ठ से 'समवेत' पत्रिका की प्राप्ति-सूचना आयी है जिसमें श्री पंकज कुमार मिश्र के प्रयास की सराहना की गयी है।

प्रो. प्रकाशचंद्र अग्रवाल, प्राचार्य एवम् अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए। हिंदी संपर्क भाषा है जो पूरे भारत को एकता के सूत्र में पिरोती है। अंत में, डॉ. सौरभ कपूर ने सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया।

प्रकाशचंद्र अग्रवाल

प्राचार्य

ज्ञापन सं.

प्रति प्रेषित: :

1.राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों को। 2.परिषद् के हिंदी प्रकोष्ठ के प्रभारी को।

3.प्राचार्य के सहायक कार्यक्रम समन्वयक को। 4. कार्यालय प्रति।